### स्टाइपेंड की मांग पर इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन तेज

# मेडिकल कॉलेजों की ओपीडी प्रभावित



## वाटर कैनन मामले की जांच के आदेश

इंटर्न डॉक्टरों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा वाटर कैनन के उपयोग और कुछ डॉक्टरों के घायल होने के मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार से चर्चा की और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस उपायुक्त जोन-2 विकास सहवाल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी प्रदर्शन से जुड़े सभी पक्षों को सुनेंगे और मामले की जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कमला पार्क में चक्काजाम, सरकार और प्रशासन प्रदर्शन समाप्त कराने के लिए कर रहे बातचीत मध्य प्रदेश में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। राजधानी में सबसे बड़ा प्रदर्शन कमला पार्क के पास देखने को मिला, जहां इंटर्न डॉक्टर सड़क पर बैठकर चक्काजाम किए हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।

इंटर्न डॉक्टरों के काम बंद करने से भोपाल हमीदिया अस्पताल, इंदौर के एमवाय अस्पताल समेत कई मेडिकल कॉलेजों की ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर मरीजों को देख रहे हैं, जबकि इमरजेंसी सेवाएं संचालित हो रही हैं। इंदौर में भी जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन के बाद सीनियर डॉक्टरों को अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। कमला पार्क के आसपास चक्काजाम के कारण यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने कई मार्गों पर डायवर्जन किया। प्रदर्शनकारियों ने एम्बुलेंस को रास्ता दिया। वहीं, एक दंपती द्वारा बेटी के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी देने पर उनकी दोपहिया वाहन को भी निकलने दिया गया।

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधियों से बातचीत की और मुख्यमंत्री के लौटने पर स्टाइपेंड बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा करने की बात कही है। हालांकि, डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि स्टाइपेंड बढ़ाने का लिखित आदेश मिलने और पुलिस कार्रवाई के मामले में कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। सोमवार को मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च कर रहे इंटर्न डॉक्टरों को पुलिस ने रोका था। इस दौरान वाटर कैनन का उपयोग किया गया। डॉक्टरों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल का आरोप लगाया, जबकि पुलिस का कहना है कि धक्कामुक्की के बाद वाटर कैनन चलाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाटर कैनन के उपयोग के मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। एडिशनल कमिश्नर शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रशासन प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर सड़क खाली कराने का प्रयास कर रहा है। इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन स्टाइपेंड बढ़ाने को लेकर ठोस आश्वासन मिलने तक सड़क से नहीं हटेंगे।



# 'शिव और शक्ति का योग ही परफेक्शन'

### एमसीयू में लेखक कार्तिकेय वाजपेयी ने विद्यार्थियों से किया संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में चर्चित पुस्तक 'द अनबिकमिंग' के लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर कार्तिकेय वाजपेयी ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर मौजूद स्थिरता शिव तत्व है, जबकि प्रकृति सृजनकर्ता के रूप में शक्ति है। शिव और शक्ति का योग ही परफेक्शन है और उत्कृष्टता के लिए स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बुद्धि और विवेक अलग-अलग हैं। बुद्धि के साथ हम जन्म लेते हैं, जबकि विवेक पाने के लिए साधक बनना पड़ता है। जीवन में सफलता के लिए वर्तमान में रहकर घटनाओं को गहराई से अनुभव करना और एकाग्रता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने मौलिकता, सृजनात्मकता और डिजिटल एल्गोरिथम के प्रभाव पर भी विचार रखे। वाजपेयी ने कहा कि जीवन का उच्च उद्देश्य स्वयं को जानना है और अपनी पहचान को बाहरी अपेक्षाओं से नहीं बांधना चाहिए। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों का लक्ष्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव और डॉ. विशाखा राजुरकर सहित विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# ई-ज्ञानसेतु चैनल पर विद्यार्थियों को मिलेगी डिजिटल अध्ययन सामग्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ई-वीडियो कंटेंट 9 सितंबर से ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होंगे। इसका शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शाम 5 बजे करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में स्थापित 10 डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से स्नातक स्तर के विभिन्न विषयों के लिए ई-कंटेंट तैयार किया जा रहा है। अब तक 2305 वीडियो शूट किए जा चुके हैं, जिनमें से 954 वीडियो का संपादन पूरा हो चुका है। यह सामग्री शासकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा तैयार की जा रही है। वीडियो की गुणवत्ता और पाठ्यक्रम अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन बोर्ड द्वारा परीक्षण किया जा रहा है।

## 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर पोषण माह आज से

**नप्र, भोपाल :** प्रदेश में 9वां राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया बुधवार को इंदौर से राज्य स्तरीय पोषण माह का शुभारंभ करेंगी। एक माह तक चलने वाले इस अभियान में स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों, पर्याप्त प्रोटीन, संतुलित आहार, बच्चों के पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पोषण माह के दौरान पंचायत भवनों, स्कूलों और सामुदायिक भवनों में पोषण मेले और व्यंजन प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी।

## वडोदरा-टांडा रोड के बीच नई ट्रेन सेवा पर प्रधानमंत्री का आभार

**नप्र, भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वडोदरा से धार जिले के टांडा रोड स्टेशन के बीच नई यात्री ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नेटवर्क पर चार मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

**कैप्टन रूप सिंह की जयंती पर नमनः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के गौरव और महान हॉकी खिलाड़ी कैप्टन रूप सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि कैप्टन रूप सिंह ने वर्ष 1932 और 1936 के ओलिंपिक खेलों में हॉकी के स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया था।

## ध्वनि मित्र के मेलमिलाप कार्यक्रम में उद्घोषकों ने बिखेरे रंग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आकाशवाणी भोपाल से जुड़े आकस्मिक उद्घोषकों और कंपियर्स की संस्था ध्वनि मित्र के बैनर तले गत दिवस रंगारंग मेलमिलाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर चार माह में होने वाले इस आयोजन में नए और पुराने उद्घोषकों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

संस्था के अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व संचालक, जनसंपर्क अनिल माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी मेलजोल को बढ़ाना था। इस दौरान सदस्यों ने अपने विचार साझा किए और विशेष रूप से आकाशवाणी के प्रसारण से जुड़े विषयों पर चर्चा की। पिछले चार माह में जन्मदिन मनाने वाले सदस्यों ने केक काटकर खुशियां साझा कीं। आयोजन में विभिन्न खेल भी रखे गए, जिनका प्रतिभागियों ने आनंद लिया।

सपना गुहा, नीति पांडे, पूनम सरावगी, पुरवा खले, रीता बेन, श्रद्धा गुप्ता, नूपुर शर्मा, महज़बी, सरिता सिंह, ईशा राजे, कविता चंदवानी, रश्मि वर्मा, विनीता जैन, प्रमिला दिवाकर और रानू शर्मा ने गीत-संगीत की प्रस्तुतियां दीं। हर्षा मूलचंदानी की दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। संस्था के सचिव एवं वरिष्ठ कॉमेंट्रेटर प्रशांत सेंगर ने ध्वनि मित्र की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय पुरवा खले, नूपुर शर्मा और रानू शर्मा ने किया।

## पर्युषण पर्व की दी शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्युषण पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परम भगवान महावीर के चरणों में नमन करते हुए पर्व के महत्व को बताया। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि पर्युषण पर्व व्रत, तप और साधना के माध्यम से आत्मा की शुद्धि तथा मनुष्य को उत्तम गुण अपनाने की प्रेरणा देने वाला पर्व है।

## विश्व साक्षरता दिवस पर शुभकामनाएं

डॉ. यादव ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अक्षर ज्ञान से आत्मविश्वास, शिक्षा से आत्मनिर्भरता और ज्ञान से सशक्त समाज का निर्माण होता है।

**पश्चिम मध्य रेल**

यांत्रिक शाखा,

एकल निविदा, ई-निविदा दिनांक- 04.09.2026

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है :- **निविदा सूचना क्रमांक :** न.क.ज.-डीएलएस-एएमसी-एएएल-एसआईवी-टी-26 दिनांक 04/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** डीजल लोको शेड, नई कटनी जंक्शन के विद्युत लोकोमोटिव मे लगे हुए मेसर्स एएएल मेक स्टेटिक इनवर्टरो (एसआईवी) का तीन वर्षो के लिये एनुअल मेन्टेनेंस कॉन्ट्रेक्ट (एएमसी), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** रू 2,17,02,872.28/- **बिड सिक्योरिटी राशि (रूपये में) :** रु. 4,34,100/-, **समापन अवधि (माह) :** 36 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक) : 28/09/2026,** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी बेब साइड "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

(हस्ता)

कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

